तापमान

अधिकतम 14 .2 डिग्री
न्यूनतम 0 .4 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार, 13 जनवरी 2024



11 35 का लिया साक्षात्कार आठ छात्रों का किया चयन





12 स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत : प्रो. श्रीप्रकाश सिंह




## खबर संक्षेप

### गोहाना के फीडरों की बिजली आज बंद रहेगी

**गोहाना।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के सिटी सब डिविजन में स्थित 33 केवी क्षमता के खंदराई गांव के पावर हाउस और 132 केवी क्षमता के गोहाना शहर के विभिन्न फीडर शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर बाद दो बजे तक बंद रहेंगे। बिजली सप्लाई में यह व्यवधान मेंटेनेंस कार्य के चलते होगा। खंदराई के पावर हाउस से जुड़े खंदराई, हसनगढ़, वजीरपुरा, खंदराई और महमूदपुर, गोहाना शहर के पावर हाउस से जुड़े देवीपुरा, शुगर मिल और ठसका गांव के फीडरों में बिजली बाधित रहेगी।

### गंदगी बहाने से रोकने पर महिला को पीटा

**गोहाना।** जसराणा गांव में एक महिला ने नाली में गंदगी बहाने से दूसरी महिला को रोका तो उस समेत दो महिलाओं ने उसकी पिटाई कर दी। जगवंती पत्नी रामचंद्र ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे वह घर से बाहर निकली तो उस समय पड़ोस की महिला पूजा पत्नी सुनील नाली में गंदगी बहा रही थी। इसको लेकर उसने उसे रोका तो पूजा के साथ कीमत पत्नी भूपेंद्र ने उसे पीटना शुरू कर दिया। जगवंती का आरोप है कि पूजा और कीमत ने उसे पीटते-पीटते गली में गिरा दिया। इस पर उसके लडके अजीत ने बीच-बचाव करके उसे छुड़ाया, जिसके बाद दोनों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

### हादसे में बाइक सवार की मौत, पिता चोटिल

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में जाट जोशी गांव के पास सड़क हादसे में पिता-पुत्र घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि युवक के पिता को प्राथमिक उपचार दिया गया। गांव बंदेपुर निवासी तिलकराज ने बताया कि उसका बेटा अमित खेवड़ा स्थित निजी कंपनी से देर शाम अपनी बाइक पर घर आने के लिए निकला। बहालगढ़ चौक पर वह अपने बेटे के साथ बाइक पर बैठकर चल पड़ा। उनके आगे चल रही गाड़ी के चालक ने कट मार दिया। जिससे दोनों वाहन की चपेट में आ गए।

### आज कोहरे और कोल्ड-डे का ऑरेंज अलर्ट : मौसम विभाग

# दिन में धूप, सुबह-शाम ठंड, सीजन की सबसे सर्द रही वीरवार की रात

- 4.6 डिग्री पर पहुंचा न्यूनतम तापमान, 6 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली शीतलहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुछ दिनों से जारी सर्दी ने थोड़े तेवर बदले हैं। दोपहर के समय जहां सूरज पूरे वेग से चमक रहा है, जिसके कारण दिन में ठंड से कुछ राहत मिलती है। वहीं सुबह और शाम अच्छी खासी ठंड होती है। शुक्रवार को भी मौसम कुछ ऐसा ही रहा। दिन में धूप तो खिली, लेकिन शीतलहर ने ठंड को ज्यादा कम नहीं होने दिया। वीरवार देर रात जहां न्यूनतम तापमान सीजन के सबसे कम 4.6 डिग्री तक गिर गया, वहीं शुक्रवार को भी शाम होते-होते मौसम में ठंडक बढ़ गई। आने वाले दिनों की बात करें तो मौसम विभाग ने भी शनिवार के लिये जिले में कोहरे व कोल्ड-डे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जिसकी वजह से आने वाले दिनों में ठंड से अधिक राहत मिलने की उम्मीद कमजोर हो रही है। वहीं कोहरे की चेतावनी से वाहन चालकों को परेशान कर सकती है। इन सबसे इतर प्रदूषण का स्तर अभी भी गंभीर स्थिति में बना हुआ है। वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार बिगड़ रहा है। शुक्रवार को भी वायु गुणवत्ता का सूचकांक 229 पर पहुंच गया, हालांकि यह सूचकांक वीरवार के मुकाबले थोड़ा कम रहा। वीरवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 268 दर्ज किया गया था। इसके वजह से बढ़ती ठंड और प्रदूषण के चलते दिल व सांस की बीमारी से पीड़ित लोगों की तकलीफ कम नहीं हुई। वीरवार रात सीजन की सबसे ठंडी रात रही। न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री तक गिर गया। हालांकि दिन में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री पर था। लेकिन देर रात को मौसम में बढ़ती ठंडक की वजह से न्यूनतम तापमान और अधिक गिर गया। 4.6 डिग्री पर पहुंचें न्यूनतम तापमान की वजह से रात के समय हाड कंपा देने वाली ठंड बनी रही। वीरवार की तर्ज पर ही शुक्रवार को भी जैसे-जैसे अंधेरा गहराता गया, वैसे-वैसे ठंडक भी बढ़ती रही।

शुक्रवार को सुबह 11 बजे ही धूप निकल गई थी, जोकि दोपहर बाद लगभग 4 बजे तक बनी रही। धूप के चलते लोगों को सर्दी से थोड़ी राहत तो मिली, लेकिन सिर्फ उन लोगों को जो धूप में एक ही स्थान पर बैठे रहे। अन्य लोगों को छह किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चल रही शीतलहर ने खूब सताया। शीतलहर के चलते दुपहिया वाहन चालक परेशान रहे।

मौसम विभाग ने शनिवार के लिए कोहरे व कोल्ड डे का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 13 जनवरी यानि शनिवार को जिले में घना कोहरा बन सकता है, जिसके कारण कोल्ड-डे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा आने वाले चार दिनों यानि 14 से 17 जनवरी तक के लिये कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। कोहरे ने पहले भी वाहन चालकों को परेशान किया और आने वाले दिनों में फिर से कोहरा पड़ता है तो वाहन चालकों को और परेशानी हो सकती है।



#### अधिकतम तापमान में वृद्धि, न्यूनतम में कमी

दिन में सूरज निकलने के कारण अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं शीतलहर के चलते शाम को ठंडक बढ़ने की वजह से न्यूनतम तापमान में कमी दर्ज की गई है। जिसकी वजह से दिन और रात के तापमान में काफी फर्क हो गया है। वीरवार से तुलना करें तो शुक्रवार को अधिकतर तापमान में 0.7 डिग्री की बढ़ोतरी हुई और न्यूनतम तापमान में 1.4 डिग्री की कमी आई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 15.4 डिग्री व न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि वीरवार को अधिकतम तापमान 14.7 डिग्री व न्यूनतम तापमान 6.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

#### फसलों की हल्की सिंचाई की सलाह

जिले में मौसम के फर्क की वजह से सभी फसलें प्रभावित हो रही हैं। ठंड की वजह से गेहूं की फसल को तो फायदा हो रहा है, लेकिन अन्य फसलों को कुछ हद तक नुकसान उठाना पड़ सकता है। कृषि विभाग ने भी फसल को शीतलहर से बचाने के लिए गाइडलाइन जारी की है। जिसके तहत फसलों की हल्की सिंचाई करने की सलाह दी गई है।

# श्रीराम मंदिर शौर्य व उत्सव यात्रा का दिया निमंत्रण



सोनीपत। दुकानदारों को निमंत्रण देते हुए भाजपा नेता राजीव जैन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन अयोध्या में श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के उपलक्ष्य में 21 जनवरी को शहर में निकलने वाली श्रीराम मंदिर शौर्य एवं उत्सव यात्रा का दुकानदारों को निमंत्रण देने पहुंचे और सभी से यात्रा का स्वागत करने की अपील की।

गोहाना रोड पर कृष्ण पेड़े वाले, बंसल हार्डवेयर तथा सिंगला किरयाना स्टोर पर दुकानदारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यात्रा 10 बजे प्राचीन हनुमान मंदिर नई कोर्ट से शुरू होगी और गोहना रोड, ककरोई रोड, सूरी पेट्रोल पंप वाली गली, श्री खाटू श्याम मंदिर, रेलवे फ्लाई ओवर, परशुराम चौक, ओल्ड डीसी रोड, दिल्ली रोड, विवेकानद चौक, सेक्टर 14 मार्किट, मुरथल अड्डा, बस स्टैंड, गीता भवन चौक, मिशन चौक होते हुए श्री राम मंदिर एवं अग्रवाल धर्मशाला में समाप्त होगी । यात्रा का 100 से ज्यादा स्थानों पर स्वागत होगा। राजीव जैन ने कहा कि 22 जनवरी को सभी मंदिरों एवं मठों में भक्ति संगीत के कार्यक्रम होंगे और प्रभु राम की महा आरती होगी। उन्होंने दुकानदारों को पांच दीये वितरित करते हुए सभी से 22 जनवरी की रात को राम ज्योति घरों पर जलाने की अपील की।

#### ये रहे मौजूद

दुकानदारों में कृष्ण कुमार, प्रवीण महलाना, मंजीत, सतपाल, जितेंद्र मोर, सुभाष, मनोज, करण, राजबीर, मुकेश बंसल, राघव, बिजेंद्र, प्रताप लाकड़ा, डॉ. स्वाति, नफीस, रमेश, राज कुमार शर्मा, श्री भगवान सिंगला, सुनील सिंगला, अनूप सिंह सेहरावत, यासीन, संजय स्वामी, नरेंद्र कुमार, पुष्पेंद्र, आदि उपस्थित रहे।

# संस्था शिष्टमंडल ने एसई के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन का शिष्टमंडल ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा की अध्यक्षता में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सोनीपत अधीक्षक अभियंता राजीव गुप्ता के साथ उनके कार्यालय गोहाना रोड परिमंडल सोनीपत में बैठक की। सुबह साढ़े 11 बजे कर्मचारियों की मांगों के समाधान को पूरा करने को लेकर लिखित बुलावे पर बैठक हुई। ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा ने बताया कि मांगों को पूरा करने को लेकर अधीक्षक अभियंता कार्यालय को मांग पत्र सौंपा गया था। जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा संगठन को लिखित में समय देकर कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने का आश्वासन दिया गया। अधीक्षक अभियंता द्वारा मांग पत्र से संबंधित सभी मांगों को पूरा करने को लेकर तीनों डिवीजनों को पूरा करने को लेकर आदेश दिया तथा कार्यालय से संबंधित प्रमोशन की मांग को भी जल्द ही पूरा करने का ठोस आश्वासन दिया। कर्मचारियों की मुख्यतः मांगे पदोन्नति सूची ठीक करने उपरांत प्रमोशन करने, बकाया जूते, डांगरी, रेन कोट, साबुन, तेल, सेफ्टी किट, मेडिकल, जीपीएफ, शिक्षा भंते बिलों का भुगतान, जर्जर पड़े जलघरों की मरम्मत, स्टाफ क्वार्टरों की रिपेयर और नए स्टाफ क्वार्टर भवनों का निर्माण आदि मांगों को लेकर बातचीत हुई। बैठक में ब्रांच कार्यकारिणी से जिला प्रधान विष्णु दत भारद्वाज, ब्रांच चैयरमेन धूप सिंह लाकड़ा, ब्रांच सचिव सुरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेश नैयर, दलीप सिंह, सुरेश शर्मा, राजबीर सिंह टांक, अमित कुमार, सुंदर सिंह, चौहान रणबीर सिंह, धर्मेंद्र कुमार, ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा, डीएडपी डिवीजन कार्यकारी अभियंता मोहम्मद आशिक, असिस्टेंट अमित गुप्ता, डिवीजन नंबर दो डिप्टी सुपरिटेंडेंट जोगिंदर कुमार, सर्कल असिस्टेंट रमेश अत्री आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए यूनियन का शिष्टमंडल।

# कुछ डिपो खुले, लोगों की लगी लाइनें

- राशन डिपो संचालक कर रहे बेमियादी हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राशन डिपो संचालक अपनी बेमियादी हड़ताल कर रहे हैं, वहीं कुछ राशन डिपों संचालकों ने अपनी दुकानें खोलकर सरकारी राशन का वितरण शुरू किया है। जिसकी वजह से शुक्रवार को सरकारी राशन लेने वाले पात्र लोगों की दुकानों पर लाइन लग गई।

ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के आह्वान पर जिले के 376 राशन डिपो संचालकों ने हड़ताल शुरू की थी। 10 दिन तक किसी को राशन मुहैया नहीं कराया गया। अब राशन वितरण शुरू होने के बाद ऑल राशन डिपो होल्डर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिला प्रधान ने कुछ संचालकों को दूसरी एसोसिएशन में शामिल होने की बात कही। ऑल राशन डिपो होल्डर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिला प्रधान रामकरण शर्मा ने बताया कि राशन वितरण प्रणाली में सरकार ने कुछ बदलाव कर रखे हैं। इनमें 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को अब राशन डिपो आवंटित नहीं किया जाएगा। राशन डिपो की क्षमता को घटाने का फैसला किया गया है। राशन डिपो की क्षमता अधिकतम 300 राशन कार्ड की गई है। राशन डिपो संचालकों ने 1 से 10 अक्तूबर 2023 तक हड़ताल रखी थी, उस समय सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया था। हड़ताल पर जाने से पहले ही खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को अवगत करा दिया था। कुछ राशन डिपो संचालकों ने 1 जनवरी से जारी बेमियादी हड़ताल के बीच एसोसिएशन से किनारा कर लिया। जिसकी वजह से संचालकों ने अपनी दुकानें खोलकर सरकारी राशन वितरण शुरू कर दिया।



सोनीपत। राशन डिपों पर राशन लेने के लिये लाइन में खड़े लोग।

#### हड़ताल में शामिल न होने की बात कही थी

मांगों को लेकर राशन डिपो संचालक मुझसे मिले थे। कुछ डिपो संचालकों ने हड़ताल में शामिल न होने की बात कही थी। जिसके चलते उन्होंने राशन वितरण शुरू करा दिया गया है। जिन संचालकों ने अभी तक अपने दुकानों को नहीं खोला है, उनकी समस्या का समाधान करवाने की कोशिश की जाएगी।

**विंशेल सहरावत**, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, सोनीपत।

# जैन संतों पर पुस्तक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आचार्य सुभद्र मुनि द्वारा लिखित पुस्तक जिन शासन गौरव भक्ति, भाव, श्रद्धा और समर्पण का अद्भुत संगम है जिसमें 75 से ज्यादा जैन संतों के जीवन को शब्दों में पिरोया गया है। यह पुस्तक सर्व समाज में जैन सिद्धांतों के प्रचार प्रसार में पथ प्रदर्शक साबित होगी।

जैन स्थानक सेक्टर 15 में पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्माण महोत्सव की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं, उन्होंने कहा कि जैन धर्म परम्परा में आचार्य का स्थान सर्वोपरि है। उन्होंने आगे कहा कि जैनत्व के दीप को प्रज्ज्वलित करने वाले सुभद्र मुनि महाराज धर्म और दर्शन के उत्तकृष्ट व्याख्याता हैं एवं उदगाता हैं, उनके मुखारविंद से निकले शब्दों को सर्जन के रूप में पुस्तकों में उकेरा जा रहा है। कार्यक्रम में प्रधान महावीर प्रसाद जैन, जगदीश प्रसाद जैन, पंकज जैन, आदर्श जैन, अरविन्द जैन, अमित जैन, संजय जैन, प्रथम जैन आदि उपस्थित रहे।



सोनीपत। पुस्तक का विमोचन अवसर पर पूर्व मंत्री व अन्य।

# सीएम फ्लाइंग ने की दुकानों पर छापामारी, ई-सिगरेट जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम ने विभिन्न स्थानों पर नशे पर शिकंजा कसने के लिए छापा डाला। इंस्पेक्टर श्रवण व एएसआई राजेश की टीम सबसे पहले मामा यादव ढाबा पर पहुंची। पार्किंग के पास बनी दुकान में तलाशी अभियान के साथ 30 ई-सिगरेट बरामद हुई। इस दौरान टीम ने गांव हसनपुर निवासी संदीप को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान संदीप ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली के सदर बाजार से 700 रुपये प्रति ई-सिगरेट खरीदकर लाता है।

यहां पर 2200 रुपये में प्रति ई-सिगरेट बेचता है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम हसनपुर मोड के पास किराने की दुकान पर पहुंची। रमेश जनरल स्टोर से 25 ई-सिगरेट व 70 विदेशी सिगरेट बरामद हुई। अर्जुन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसके बाद सेक्टर-14 में टीम ने एक दुकान से प्रतिबंधित तंबाकू व फ्लेवर तंबाकू पकड़ा है।

### तकनीकी खराबी के चलते सुबह पांच घंटे तक पेराई सत्र रहा बंद

# पेराई सत्र : बॉयलर में सप्लाई वाली चेन का बैरिंग टूटा

- अब तक करीब 8 लाख 90 हजार क्विंटल गन्ने की हो चुकी पेराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दी सहकारिता चीनी मिल सोनीपत में तेज रफ्तार व सुरक्षित चल रहे पेराई सत्र में शुक्रवार अल सुबह तकनीकि खराबी आ गई। जिसके चलते अल सुबह करीब पांच बजे से लेकर दस बजे तक पेराई सत्र को रोकना पड़ा। तकनीकि खराबी को दूर करने के बाद पेराई सत्र को शुरू किया गया। कारखाने में बॉयलर में खोई सप्लाई करने वाली चेन का बैंरग खराब होना कारण बताया जा रहा है। मिल प्रबंधन की तरफ से पेराई सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए हर संभव कदम उठाने का काम किया जा रहा है।

बता दें कि शहर के गांव कामी सड़क मार्ग स्थित सहकारिता चीनी मिल में पेराई सत्र वर्ष 2023-24 की शुरूआत नवंबर माह के अंतिम दिनों में हुई थी। पेराई सत्र शुरू होने के बाद मिल प्रबंधन की तरफ से बेहत्तर तरीके व स्पीड से पेराई सत्र को चलाने का काम किया। प्रबंधन की तरफ से क्षमता के हिसाब से ज्यादा रफ्तार से पेराई सत्र को चलाया जा रहा था। लेकिन शुक्रवार अल सुबह कारखाने में बॉयलर को सप्लाई करने वाली चेन का बैरंग टूट गया। जिसके चलते पेराई सत्र को रोकने पर मजबूर होना पड़ा। कई घंटों की कड़ी मशक्त के बाद प्रबंधन पेराई सत्र को पटरी पर लाने पर कामयाब हो पाया। सोनीपत चीनी मिल प्रशासन द्वारा मौजूदा पेराई सत्र के लिए गन्ना उत्पादकों के साथ 33 लाख क्विंटल गन्ने की बॉडिंग की गई है। सोनीपत चीनी मिल की पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल प्रतिदिन है। अब तक सोनीपत चीनी मिल में 8 लाख 90 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई का काम पूरा किया जा चुका है। मिल प्रशासन की माने तो 15 अप्रैल तक पेराई के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जाएगा। इस बार अपेक्षाकृत तेजी से गन्ने की पेराई की जा रही है। गत कई दिनों से क्षमता से ज्यादा करीब 23 हजार क्विंटल गन्ने की स्पीट से गन्ने की पेराई की जा रही है।

#### 15 अप्रैल तक पेराई का लक्ष्य पूरा होने की उम्मीद

शुक्रवार सुबह चेन में आई खराबी के कारण पेराई सत्र को रोकने पर मजबूर होना पड़ा। कर्मचारियों व प्रबंधन की मेहनत से जल्द से जल्द तकनीकि को दूर कर पेराई सत्र को सुचारू रूप से चलाने में कामयाब हो पाएं। गन्ना उत्पादकों की सुविधा के लिए हरसंभव कदम उठाने का काम किया जा रहा है। उम्मीद है कि 15 अप्रैल तक पेराई के लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा।

- **संजय सिंह**, एमडी चीनी मिल सोनीपत।

#### देर शाम गन्ने की हुई पेराई

सोनीपत चीनी मिल में शुक्रवार को ब्रेक डाउन की घटना घटित होने के कारण पेराई की रफ्तार पर भी असर पड़ा। पेराई प्रक्रिया बाधित होने की वजह से एडवांस टोकन बुकिंग पर भी असर दिखाई दिया। शुक्रवार को शाम के 6 बजे तक यार्ड में करीब 5500 क्विंटल गन्ना जमा था। वहीं ऑनलाइन एडवांस टोकन के तहत 21 हजार क्विंटल से अधिक गन्ने की बुकिंग हो चुकी थी। शाम के समय यार्ड में लगभग 61 ट्राली जमा थी। जबकि एडवासं टोकन बुकिंग सिस्टम लागू होने के बाद यार्ड में नाममात्र की ही ट्रालियां खड़ी होती है। इससे यार्ड में जाम लगने की समस्या का समाधान हो गया है।




# सीसीसी क्या है, इस कोर्स को करने के क्या हैं फायदे



**नॉलेज**

**यंगभूमि डेस्क**

क्या आपने कभी सीसीसी कोर्स के बारे में सुना है। यह एक कंप्यूटर कोर्स है। इस कोर्स की शुरुआत कंप्यूटर लिटरेसी को प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। आज हमारे इस आर्टिकल में हम आपको सीसीसी कंप्यूटर कोर्स से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने जा रहें है। सीसीसी का पूर्ण रूप है (कोर्स ऑन कंप्यूटर कांसेप्ट )। आज के समय में कंप्यूटर की जानकारी होना बहुत आवश्यक है। रोजगार पाने और करियर बनाने में कंप्यूटर का ज्ञान हमारी बहुत अधिक मदद करता है। नई-नई जॉब पाने के लिए कंप्यूटर कोर्स अनिवार्य कर दिए गए है। साथ ही यह हमारी दैनिक जिंदगी का भी हिस्सा बन गया है।

## हर माह आयोजन

आपको बता दें कि एनआईईएलआईटी (नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ इलेक्ट्रोनिक्स एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी ) संस्था की तरफ से हर महीने सीसीसी कोर्स का आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए सीसीसी कोर्स की परीक्षा का आयोजन होता है, जो भी उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए इच्छुक है वह एनआईईएलआईटी की आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरकर आवेदन भेज सकता है। इस कोर्स की विशेषता यह है कि कोई भी भारतीय नागरिक इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है। कोर्स के लिए कोई स्पेशल आयु या फिर पात्रता निर्धारित नहीं की गई है। अब इस कोर्स को करने वालों की संख्या भी बढ़ चुकी है क्योंकि कई जगहों पर इस कोर्स की मांग में भी इजाफा हुआ है। ज्यादातर जगहों पर इस कोर्स की मांग में भी बढ़ोतरी देखी गई है।



## इस प्रकार करें कोर्स

सीसीसी कोर्स हेतु आपको ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सीसीसी ऑनलाइन अप्लाई फोर्म भरने के लिए सबसे पहले आपको आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाना होगा। उसके बाद आपकी स्क्रीन पर वेबसाइट का होम पेज खुल जाएगा। इस होम पेज पर आपको "**Apply Online**" का ऑप्शन दिखाई देगा, जिस पर आपको क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही अगले पेज में आपकी स्क्रीन पर बहुत से कोर्स के ऑप्शन दिखाई देंगे। यहां आपको "**IT Literacy Programme**" के सेक्शन में "**Course on Computer Concepts**" के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। अब आपकी स्क्रीन पर नया पेज ओपन होगा , यहां आपको डिक्लेरेशन पर टिक करके "**I Agree & Proceed**" के बटन पर क्लिक कर देना होगा। अब आपकी स्क्रीन पर फार्म ओपन हो जाएगा। इस फॉर्म में आपको रजिस्ट्रेशन डिटेल्स, एप्लिकेंट पर्सनल डिटेल्स, कांटेक्ट डिटेल्स, एड्रेस डिटेल्स, क्वालिफिकेशन डिटेल्स, एग्जामिनेशन डिटेल्स और पहचान की जानकारी भरनी होगी। इसके बाद आपको पासपोर्ट साइज फोटो, साइन और अंगूठे का इम्प्रेशन स्कैन करके अपलोड करना होगा। यह करने के उपरांत आपको फॉर्म में दिया गया कैप्चा कोड भरकर डिक्लेरेशन पर टिक करना होगा। इस पूरी प्रक्रिया के बाद आपको सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा। आपकी आवेदन प्रोसेस पूर्ण हो जाएगी।

## परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड

जैसा कि आप सभी जानते हैं परीक्षा में प्रवेश करने के लिए सभी उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड दिया जाता है। इस एडमिट कार्ड के जरिए ही आप परीक्षा में बैठने के योग्य होते हैं। ऐसे में सीसीसी परीक्षा के लिए भी कुछ दिनों पहले एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे। जो भी उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होने वाले हैं वह अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। सीसीसी एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही जारी होंगे जिसे सभी छात्र एनआईईएलआईटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन डाउनलोड

### यह प्रक्रिया अपनानी होगी

सीसीसी एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए सबसे पहले आपको आधिकारिक वेबसाइट **student.nielit.gov.in** पर जाना होगा। उसके बाद आपकी स्क्रीन पर वेबसाइट का होम पेज खुलेगा। होम पेज पर आपको डाउनलोड एडमिट कार्ड का ऑप्शन नज़र आएगा, जिस पर आपको क्लिक करना होगा। अगले पेज में आपके सामने कोर्स की लिस्ट ओपन हो जाएगी। यहाँ आपको **IT Literacy Programme** के सेक्शन में **Course on Computer Concepts** के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। अगले पेज में आपके सामने वचन पत्र खुलकर आएगा, आपको इसे सावधानी पूर्वक पढ़ना होगा। इसी पेज में आपको नीचे दिए गए डिक्लेरेशन पर टिक करके एग्री के बटन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपकी स्क्रीन पर एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए फॉर्म खुल जाएगा। यहां आपको मांगी गई जरूरी जानकारी भरनी होंगी। उसके बाद आपको सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा। क्लिक करते ही आपकी स्क्रीन पर सीसीसी एडमिट कार्ड प्रदर्शित हो जाएगी। अब आप एडमिट कार्ड को सेव करके डाउनलोड कर पाएंगे

### 90 मिनट में हल करने होते हैं 100 प्रश्न

सीसीसी की परीक्षा कंप्यूटर आधारित परीक्षा होती है। इस परीक्षा में 100 वैकल्पिक प्रश्न आते है। हर प्रश्न एक नंबर का होता है। परीक्षा के लिए 90 मिनट का समय दिया जाता है। सीसीसी परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग नहीं होती है तथा छात्रों को उनकी डिवीजन के बेस पर ग्रेड मिलता है। जैसे 50 से कम अंक लेने वाले उम्मीदवार फेल होते हैं, 50- 54 को डी, 55-64 को सी, 65-74 को बी, 75-84 को ए ग्रेड मिलता है।

## जॉब के साथ-साथ यह वास्तव में एक सराहनीय काम

# बच्चों और गरीब वर्ग की सहायता करना चाहते हैं तो आंगनवाड़ी टीचिंग में बनाएं करियर

**जॉब ट्रेंड्स**

**करियर डेस्क**

### महिलाओं के लिए समाज सेवा करने का माध्यम

आ आंगनवाड़ी टीचर बनना अपने आप में ही एक उपलब्धि है क्योंकि आंगनवाड़ी शिक्षक बनकर आप बच्चों और गरीब वर्ग के लोगों की सहायता कर सकते हैं। यह वास्तव में ही एक सराहनीय काम है। इससे आप बच्चों की शिक्षा में सहायता कर सकते हैं तथा गरीब वर्ग के लोगों की भी मदद कर सकते हैं। एक आंगनवाड़ी सहायिका अपने समाज में महिलाओं और बच्चों की देखभाल करने में अहम भूमिका निभाती है। अगर आपके मन में सवाल उठ रहा है कि आंगनवाड़ी शिक्षक बनने के लिए क्या करना होता है तथा इसके लिए कौन सी योग्यताएं चाहिए होती हैं तो बिल्कुल भी चिंतित ना हो। आज हमारे इस लेख के माध्यम से हम आपको इस बारे में पूरी जानकारी प्रदान करेंगे। हम यहां पर आपको बताएंगे कि आंगनबाड़ी शिक्षक बनने के लिए क्या-क्या योग्यता होनी चाहिए तथा आप किस प्रकार एक आंगनवाड़ी टीचर बन सकते हैं।





## आंगनवाड़ी शिक्षक बनने के लिए जरूरी शैक्षिक योग्यता

**शैक्षिक योग्यता:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आप कम से कम 12वीं कक्षा पास होने चाहिए। शिक्षा मंत्रालय की तरफ से मान्यता प्राप्त बोर्ड से आपकी पढ़ाई पूरी होनी चाहिए।

**आयु सीमा:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आपकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है।

**भाषा योग्यता:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आप हिंदी भाषा बोलने में पूर्ण रूप से सक्षम होने चाहिए। आपको बच्चों को सही संज्ञानात्मक पाठ देने में पूरा ज्ञान होना चाहिए।

**प्रशिक्षण प्राप्त करें:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आपको संबंधित ट्रेनिंग लेनी होगी। आप स्थानीय या राष्ट्रीय सरकारी अथवा निजी संस्थानों से टीचर ट्रेनिंग कोर्स कर सकते हैं। इसके लिए आपको बाल विकास, शिक्षा में प्रवीणता, बाल संरक्षण आदि के विषयों में गहन ज्ञान लेना होगा।

**योग्यता की जांच:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए, आपको 12वीं कक्षा पास होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त आपको भी बाल विकास या संबंधित विषयों में अवधारणा होनी चाहिए।

**आवश्यक कागजात की तैयारी:** आंगनवाड़ी टीचर के पद के लिए आवेदन करने से पूर्व, आपको जरूरी दस्तावेजों की तैयारी करनी होगी। आपको अपनी शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र, पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र, और किसी भी अन्य आवश्यक दस्तावेजों की एक कॉपी तैयार रखनी होगी।

**नौकरी के लिए आवेदन:** यदि आपने योग्यता और प्रशिक्षण ले लिया है, तो अपने आस-पास के आंगनवाड़ी केंद्रों में नौकरी के लिए आवेदन कर सकते है। आपको नौकरी के लिए लिखित परीक्षा और इंटरव्यू पास करना होगा इसके बाद ही आपको नौकरी मिलेगी।

**अनुभव ले :** आंगनवाड़ी शिक्षिका बनने के लिए आपके पास टीचिंग के फील्ड में अनुभव प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए, आप अनुभवी टीचर के साथ सहयोग कर सकते हैं. आप विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हो सकते हैं और विभिन्न शिक्षा संगठनों से जुड़कर काम कर सकते हैं।

## बच्चों और माताओं को लाभ

**बच्चों का सम्पूर्ण विकास:** आंगनवाड़ी में होने वाले कार्यक्रम बच्चों के सामाजिक, शारीरिक, और मानसिक विकास को प्रोत्साहन देते हैं। यहां बच्चों को नैतिक मूल्यों, सामाजिक योग्यता, और आत्मविश्वास सिखाया जाता है।

**स्वस्थ रहना:** आंगनवाड़ी सेंटर में बच्चों को स्वस्थ खानपान की सलाह दी जाती है और उन्हें नियमित चिकित्सा परीक्षा का लाभ दिया जाता है।

**पोषण की सुरक्षा:** आंगनवाड़ी में उपलब्ध पोषण सेवाएं बच्चों को सही आहार देने के बारे में जानकारी देती हैं और उनके पोषण स्तर का ध्यान रखती हैं। इससे उनकी गहरी कमजोरी और पोषण संबंधित समस्याओं का समाधान होता है।

**माता की देखभाल:** आंगनवाड़ी में मौजूद मातृ देखभाल सेवाएं माताओं को गर्भावस्था, प्रसव, और प्रसव के बाद की देखभाल के लिए मदद करती है।



## अलग अलग क्षेत्रों में होते हैं नियमों के अनुसार आंगनवाड़ी पद

**अगर हम आंगनवाड़ी में होने वाले विभिन्न पदों की बात करें तो आंगनवाड़ी में कई प्रकार के पद होते है। इनकी संख्या अलग अलग राज्यों के अनुसार निर्धारित होती है। हम आपको यहां इस बारे में पूरी जानकारी दे रहे हैं। आशा करते हैं कि इसके बाद आपको कोई भी आशंका नहीं रहेंगी।**

**आंगनवाड़ी सेविका:** आंगनवाड़ी सेविका मुख्य रूप से बच्चों और माताओं की देखरेख करने का काम करती है। आंगनबाड़ी सेविका शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं, और सामाजिक सुरक्षा संबंधित कार्यों कों संचालित करती है।

**आंगनवाड़ी सहायका:** आंगनवाड़ी सहायका सेविका की सहायता करने का काम करती हैं और उन्हें विभिन्न कार्यों में सहायता उपलब्ध करती है। वे सामान्यतः आंगनवाड़ी सेविका के अधीन कार्य करती हैं। यानी की आंगनवाड़ी सहायिका आंगनबाड़ी सेविका के अंडर में काम करती है।

**मिशन आंगनवाड़ी सेविका:** कुछ राज्यों में, मिशन आंगनवाड़ी सेविका के पद होते हैं जो सेविका और सहायका के कार्य को पूरा करती है। इनका काम आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के काम को पूरा करना होता है।

**आंगनवाड़ी सहायिका कम और संशोधित संस्करण:** कुछ राज्यों में, आंगनवाड़ी सेविका और सहायका के संशोधित संस्करण होते हैं जो नए नियमों और मानकों के मुताबिक कार्य करते हैं।

## मिलने वाली सेवाएं

**प्री-स्कूल शिक्षा :** आंगनवाड़ी सेंटर में प्री-स्कूल शिक्षा का विकास किया जाता है। यहां बच्चों को बेसिक शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और कला-संस्कृति के आधार पर शिक्षा प्रदान की जाती है।

**पोषण सेवाएं :** आंगनवाड़ी में बच्चों के लिए पोषण सेवाएं होती है। यहां बच्चों को सही आहार, पोषण और स्वस्थ खानपान के बारे में बताया जाता है।

**मातृ देखभाल सेवाएं :** आंगनवाड़ी में मातृ देखभाल सेवाएं भी मुहैया करवाई जाती है। यहां माताओं को गर्भावस्था के दौरान, प्रसव के समय, और प्रसव के बाद सही देखभाल और सलाह प्रदान दी जाती है।

**आरोग्य सेवा :** आंगनवाड़ी में आरोग्य सेवाएं भी उपलब्ध करवाई जाती है। यहां पर बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच की जाती है। आंगनवाड़ी में और भी कई तरह की सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती है।

***सैलरी :*** *आंगनवाड़ी वर्कर की सैलरी की बात करें तो यह 5500 से लेकर 7000 तक प्रतिमाह मिलती हैं। मिनी आंगनवाड़ी वर्कर की सैलरी 4250 से लेकर 5500 तक मिलती है तथा आंगनवाड़ी हेल्पर सैलरी 3250 से लेकर 4000 तक प्रति महीना होती है।*

# विद्यार्थियों को सर्दियों में ज्यादा गर्म पानी से नहीं नहाना चाहिए



**मोटिवेशनल**

**नरेंद्र यादव**

विद्यार्थी जीवन सीखने के लिए होता है, आप विभिन्न विधाओं में कितना परफेक्शन प्राप्त करते हो, ये आपकी लगन पर निर्भर करता है। मानव जीवन में विद्यार्थी बनने की अवधि छह वर्ष से शुरू होती हैं, कुछ पेरेंट्स अपने बच्चो को तीन वर्ष की उम्र में भी स्कूल में डालने का प्रयास करते हैं ये गलत है। बच्चो को उनके बचपन से वंचित नहीं करना चाहिए जिससे की बच्चो का विकास सही ढंग से हो सकें। हमने जो विषय विमर्श के लिए रखा हैं, वो ज्यादा गर्म पानी से स्नान करने के संबंध में हैं। इस विषय को मैंने इस लिए लिया है क्योंकि अक्सर हम देखते है कि घरों में बाथ रूम में शावर लगे हुए हैं और आजकल बच्चे तथा युवा सर्दियों में शावर के नीचे बैठ कर गर्म पानी का आनंद लेते हैं।

## त्वचा ही नही, हार्ट पर भी पड़ता हैं विपरित असर

युवा साथियों , यहां आपके लिए ये जानना अपरिहार्य है कि ज्यादा गर्म पानी शरीर के विभिन्न अंगों पर विपरित प्रभाव डालता है जिसे हम शीघ्र तो महसूस नहीं कर सकते , परंतु कुछ अवधि के बाद इसका असर दिखने लगता हैं। आओ ज्यादा गर्म पानी के नुकसान के बारे में जानते है, लेकिन नुकसान जानने से पहले आप को मैं ये बताना चाहता हूं कि ज्यादा गर्म पानी कौन सा होता हैं, युवाओं आपकी बॉडी का टेंप्रेचर अथवा तापमान 98.4 डिग्री फार्नहाइट होता है या यूं कह सकते है कि 37 डिग्री सेल्सियस होता हैं, आपके स्नान करने के लिए सर्दियों में पानी का उपयुक्त तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से 5 डिग्री कम या ज्यादा चल सकता हैं, अगर से ज्यादा तापमान है तो वो ज्यादा ही हैं इससे निश्चित रूप में नुकसान होगा। अब ज्यादा गर्म पानी से स्नान के कुछ नुकसान के बारे में जानते है।

1. **ज्यादा गर्म** पानी से नहाने से हमारे सिर के बालों को नुकसान होता हैं, वो कमजोर पड़ने लगते और झड़ने लगते हैं।
2. **आंखों को भी** ज्यादा गर्म से नहाते व्यक्त नुकसान होता हैं क्योंकि जब हम नहाते है तो आंखो में भी गर्म पानी मारते है जिससे आंखो को नुकसान पहुंचता है, रौशनी कम होती हैं।
3. **त्वचा को भी हानि** होती हैं, इससे ज्यादा गर्म पानी शरीर पर रैशेज पैदा कर देता हैं।
4. **ज्यादा गर्म पानी** से स्नान करने से शरीर का तापमान बढ़ता है और उसके कारण शरीर के तापमान को मेंटेन करने के लिए हार्ट को बहुत मेहनत करनी पड़ती है इससे अनावश्यक रूप में हार्ट पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हैं।
5. **ज्यादा गर्म पानी** से स्नान से डिहाइड्रेशन का भी खतरा पैदा होता हैं, शरीर में पानी की कमी होने का डर रहता हैं।
6. **ज्यादा गर्म पानी** से नहाने से रक्तचाप भी ज्यादा होने का खतरा रहता हैं, इसलिए ये तय करना चाहिए कि पानी को बॉडी टेंप्रेचर से पांच डिग्री तक ज्यादा रख सकते हैं इससे ज्यादा स्वास्थ्य के लिए लाभकारी नही होता।

## पीने में निवाया पानी पीना चाहिए

ज्यादा गर्म पानी से स्नान करने से आपका इम्यून सिस्टम भी कमजोर होता है, और युवाओं में अथवा विद्यार्थियों में जो सर्दी गर्मी सहन करने की शक्ति होनी चाहिए , उसे खो देते हैं। इसलिए आम तौर पर कहा जाता हैं कि पीने के लिए निवाया पानी उपयोग करना चाहिए और स्नान के लिए ठंडा पानी का प्रयोग करना चाहिए , इससे स्वास्थ्य ठीक रहता हैं। प्रिय विद्यार्थियों, आपका ये विद्यार्थी जीवन केवल किताबे पढ़ने के लिए ही नही हैं, ये तो सभी प्रकार से आपको परफेक्ट बनना हैं, आपको विद्यार्थी जीवन में ही स्वास्थ्य के राज जानने है, व्यायाम को जानना है, पौष्टिक भोजन के विषय में जानना हैं, आपको जीवन शैली को बेहतरीन करना है, आपको प्रातः जल्दी उठना सीखना है, आपको व्यायाम, दौड़ लगाना सीखना है, विद्यार्थियों आपको ट्रैफिक के नियम सीखने है, आपको सामान्य सदाचार सीखना है, सामान्य एटिकेट सीखने हैं, आपको विनम्रता जाननी हैं, आपको व्यवहार के त्रिगुण जानने हैं, आपको समय का पालन सीखना हैं, आपको प्रत्येक रिश्ते को जानना तथा निभाना सीखना है, बड़े बुजुर्गों के साथ कैसा व्यवहार हो, वो भी विद्यार्थी जीवन में ही सीखना हैं, आपको संवेदनशीलता सीखनी हैं, जीवन में त्याग, तप सीखना हैं। इसलिए जीवन में स्वास्थ्य संबंधी छोटी छोटी बातों पर ध्यान देने की जरूरत हैं ताकि आप सशक्त बन सको।

## सामान्य ज्ञान

**1.** चोल काल में 'कडीमै' का अर्थ था
(ए) भूराजस्य / लगान
(बी) गृह कर
(सी) चारागाह कर
(डी) जलाशय कर

**2.** चोल काल में नौसेना का सर्वाधिक विकास किसके समय में हुआ ?
(ए) परांतक I
(बी) राजराजा I
(सी) राजेन्द्र I
(डी) इनमें से कोई नहीं

**3.** युद्ध में विशेष पराक्रम दिखाने वाले योद्धा को कौन-सी उपाधि दी जाती थी?
(ए) क्षत्रिय शिखामणि
(बी) वेडेक्कार
(सी) महादण्डनायक
(डी) धर्मभट्ट

**4.** 'परैया' का अर्थ है
(ए) अछूत
(बी) ब्राह्मण
(सी) क्षत्रिय
(डी) वैश्य

**5.** चोल काल में सोने के सिक्के कहलाते थे
(ए) कुलंजु
(बी) काशु
(सी) रूपक
(डी) दीनार

**6.** चोल काल में राज्य की स्वामित्व वाली भूमि कलाती थी
(ए) प्रभुमान्यम्
(बी) देवदान
(सी) ब्रह्मदेय
(डी) इनमें से कोई नहीं

**7.** चोल काल में किसने हिरण्यगर्भ नामक त्यौहार का आयोजन किया था ?
(ए) लोकमहादेवी
(बी) कुंदवा
(सी) अम्मनदेवी
(डी) मधुरान्तकी

**8.** चीन में व्यापारिक दूत भेजने वाले चोल सम्राट थे
(ए) राजराज I
(बी) राजेन्द्र I
(सी) कुलोत्तुंग चोल I

**उत्तर** 1.(ए) 2.(सी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### सेमिनार में 30 से अधिक युवाओं ने लिया भाग

**सोनीपत।** स्वामी विवेकानंद की जन्मदिन के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाते हुए ब्रेकथ्रू संस्था ने ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार की शुरूआत ब्रेकथ्रू के परिचय व काम को बताते निशा ने की। इस सेमिनार में करनाल पानीपत सोनीपत के 30 से अधिक युवाओ ने भाग लिया। इस सेमिनार की मुख्य वक्ता आरती ने युवाओं को संदेश दिया कि वे भी अपनी सकारात्मक ऊर्जा से समाज को बदलने का काम कर सकते हैं अगर उन्हें सही समय पर सही दिशा मिले तो वे एक नए बदलाव की पहल कर सकते हैं।

### नकदी व सामान चोरी करने वाला आरोपी काबू

**साल्हावास।** पुलिस की एक टीम द्वारा गाड़ी से नगदी व सामान चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। थाना प्रभारी प्रकाश चंद ने बताया कि राजेश पुत्र सत्यनारायण निवासी अकेहड़ी मदनपुर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से एक व्यक्ति को पकड़ा गया है। पकड़े गए व्यक्ति की पूछताछ में पहचान मनीष निवासी अकेहड़ी मदनपुर के तौर पर की गई है।

### गांवों में मवेशी हो रहे चोरी

**बहादुरगढ़।** ग्रामीण क्षेत्र में पशुधन की चोरी बढ़ रही है। अब गांव छारा में वारदात हो गई। यहां एक डेयरी से तीन पशु खोल लिए गए। दो भैंस तो तलाश के दौरान मिल गई, लेकिन तीसरी नहीं मिली। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में छारा के निवासी रमेश ने कहा है कि उसने बहराणा रोड पर डेयरी खोल रखी है। डेयरी में 22 भैंस हैं। बिजेद्र नाम का व्यक्ति रखवाली करता है। वीरवार की अल सुबह अज्ञात तीन-चार लोग हमारी डेयरी से तीन भैंस खोल ले गए। तलाश शुरू की तो दो भैंस मिल गई, लेकिन तीसरी नहीं मिली।

### नूना माजरा में 9वां वार्षिक कार्यक्रम कल

**बहादुरगढ़।** श्याम जी गऊ सेवा समिति द्वारा गांव नूना माजरा में संचालित गऊ सेवा उपचार केंद्र में 9वां वार्षिक कार्यक्रम रविवार 14 जनवरी को मनाया जाएगा। हरिओम जून के अनुसार यह केंद्र पिछले 8 वर्षों से निरंतर लावारिस पीड़ित गौवंश और वन्य जीव प्राणियों का निशुल्क उपचार कर रहा है।

## डीसीआरयूएसटी में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस को युवा दिवस रूप में मनाया

# स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत : प्रो. श्रीप्रकाश सिंह

### लड़कों में शुभम, लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में ममता प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि भारत और दुनिया के युवाओं को प्रभावित करने वाले महापुरुषों में स्वामी विवेकानंद एक बड़ा नाम है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद विश्व के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। डीसीआरयूएसटी, मुरथल में एनसीसी कैडेट ने स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को युवा दिवस रूप में मनाया। इस अवसर पर एनसीसी की तरफ से खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एनसीसी द्वारा आयोजित लड़कों की 100 मीटर की दौड़ में शुभम, लड़कियों की 100 मीटर प्रतिस्पर्धा में ममता, लड़कों की 400 मीटर दौड़ में चिराग, लड़कियों की 400 मीटर दौड़ में ईशा, लड़कों की रिले दौड़ प्रतिस्पर्धा में शुभम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. सुखदीप सिंह, विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डा.बिरेंद्र सिंह हुड्डा व विश्वविद्यालय के एनसीसी निदेशक लेफ्टिनेंट डा. प्रदीप सिंह, अनुप नसीयर व रोहतास दहिया आदि भी उपस्थित थे।


**सोनीपत।** विद्यार्थियों के साथ कुलपति साथ में अन्य। *फोटोःहरिभूमि*


**राई।** प्रतिभागियों को संबोधित करते प्राचार्या डा. संगीता सपरा व अन्य।


**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कॉलेज स्टाफ। *फोटोःहरिभूमि*

**भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने लिया हिस्सा सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में पॉलिटिकल विभाग द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. संतोष राठी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की स्वामी विवेकांनद के कर्तव्यों को अपनाने और उनको पालन करने की प्रेरणा दी। भाषण प्रतियोगिता में ज्योति ने प्रथम, चेतना ने दूसरा, प्रिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मौके पर प्राध्यापिका सीमा और डॉ. पूनम आदि मौजूद रही।

### निबंध लेखन प्रतियोगिता में छात्रा खुशी अव्वल

**राई।** ताऊ देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय मुरथल में प्राचार्या डा. संगीता सपरा की अध्यक्षता में महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट के द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद-युवाओं के एक आदर्श के रूप में और स्वामी विवेकानंद का सामाजिक चेतना में योगदान विषय पर आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी अंकित ने परिणामों की घोषणा की। जिसमें बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशी ने प्रथम, एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा चंचल ने द्वितीय एवं अनु बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा तथा कृष्णा एमएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डा. कोमल वर्मा ,एसोसिएट प्रोफेसर अंग्रेजी, डा.पूनम देवी असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी एवं डा. रश्मि असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी ने निभाई। प्राचार्या डॉक्टर संगीता सपरा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करके आप अपने जीवन में महान लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर डा. कोमल वर्मा, डा. पूनम, डा. रश्मि, डा. मनोज व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।


**राई।** आप के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा कार्यकर्ताओं से बात करते साथ में आप नेता मास्टर सतनारायण आंतिल । *फोटो :हरिभूमि*

# प्रदेश में आम आमदी पार्टी की सरकार बनेगी: ढांडा

- 28 जनवरी को होने वाली महारैली के लिए विचार विमर्श किया
- आप जिलाध्यक्ष आंतिल की चाची की तेहरवीं पर श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

आम आदमी पार्टी शिक्षा सैल के जिलाध्यक्ष मास्टर सतनारायण आंतिल की चाची स्वर्गीय पतासों देवी की तेहरवीं पर आप के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद बहालगढ़ स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओ से 28 जनवरी को होने वाली महारैली के लिए विचार विमर्श किया।

ढांडा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में आम आमदी पार्टी की सरकार बनेगी। प्रदेश में दिन-प्रतिदिन पार्टी का जनाधार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि महारैली को लेकर भी प्रदेश की जनता उत्साहित है। प्रदेश में आम आदमी की सरकार आने पर दिल्ली जैसी, चिकित्सा, शिक्षा व अन्य सुविधाएं मिलेगी। उन्होंने कहा कि 28 जनवरी को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 28 जनवरी को हरियाणा आएंगे और बदलाव महारैली करेंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा में भाजपा को प्रदेश की सत्ता से बेदखल करने के लिए तैयार है।

इसलिए भाजपा सरकार ईडी के जरिए अरविंद केजरीवाल के बढ़ते कदमों को रोकने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। इसलिए आम आदमी पार्टी के नेताओं को लगातार गिरफ्तार किया जा रहा है। ऐसा लगता है अरविंद केजरीवाल को भेजे जाने वाला समन भाजपा के कार्यालय से तैयार होता है। भाजपा सरकार लोकसभा चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना चाहती है, ताकि अरविंद केजरीवाल प्रचार न कर सके। इस मौके पर पार्टी के पदाधिकारी मौजूद थे।

# स्वामी विवेकानंद के पदचिह्नों पर चलने का लिया संकल्प

### गीता विद्या मंदिर में ऑनलाइन मनाया युवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित स्थानीय गीता विद्या मंदिर में शुक्रवार को ऑनलाइन युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्लोगन, पोस्टर, पेंटिंग, भाषण, सुविचार एवं कविताओं के माध्यम से अपनी आकर्षक प्रस्तुति दी और स्वामी विवेकानंद के पद्चिहनों पर चलने का संकल्प लिया।

प्राचार्य अश्विनी कुमार विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के विचारों से अवगत करवाने के लिए ऑनलाइन युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में नीशू, अमायरा, युवराज, कनिका जिंदल, ईशिका और सोमिया ने कविता, तनिक्षा, प्रतीक्षा, इच्छा, कनिष्का, नैनाृर और हिना ने सुविचार, प्रिया मोर, जन्मेजय, लवकुश, प्रतीक, चेतन, भास्कर, कोमल, साकेत, प्रिंस, मयंक, हैप्पी, अंशुल, आशीष, नेहा, हंसिका, अर्पिता, नव्या, सौम्या, मुस्कान, रीत, ईशा, रिया, नेहा, आशीन, अंशुल, नेहा नरवाल, हिमानी, स्नेहा, तनु, रक्षिता, महक खासा, गरिमा, मुस्कान, अंशुल और श्रुति ने स्लोगन, पेंटिंग एवं पोस्टर बनाए। हर्षिता ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर भाषण की प्रस्तुति दी।


तिरंगे के रूप में स्वामी विवेकानंद के बनाए गए रेखाचित्र को प्रदर्शित करते छात्रा।

### देशभक्ति व हरियाणवी संस्कृति पर आधारित रागनियों की प्रस्तुति दी

**गोहाना।** दादा गौसाई गोशाला सेवा सोसायटी गांव आहुलाना स्थित गोशाला में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव आयोजित किया। इस अवसर पर भंडारा, सांस्कृतिक रागिनी कम्पीटीशन और रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। सुबह गोशाला में हवन करवाया गया।

कार्यक्रम में गोभक्त रामपाल, राजेश नैन, सोनू सरपंच, सोनू, रणदीप मलिक, जिला पार्षद तकदीर नरवाल, नारायण सिंह, बलवान मलिक, राजपाल, मन्नू पहलवान, नीरज कुमार मुख्य रूप से पहुंचे। कलाकारों ने रागिनी कम्पीटीशन में देशभक्ति और हरियाणवी संस्कृति पर आधारित रागिनियों की प्रस्तुति दी। गोभक्ताओं ने शिविर में रक्तदान भी किया। सुबह से शाम तक भंडारा लगाया गया। इस मौके पर लाला हरिराम, पहलवान बलवान मलिक, मोहित फौजी, कृष्ण मलिक और मास्टर हेमराज मौजूद रहे।

### शिविर के अंतिम दिन लगाई सामान की प्रदर्शनी


**सोनीपत।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भटगांव में जीवन कौशल विकास शिविर के अंतिम दिन विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए सामान की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का आयोजन विद्यालय इंचार्ज मोनिका एवं एबीआरसी मोनिका दहिया की उपस्थिति में किया गया। पांच दिवसीय जीवन कौशल विकास शिविर का आयोजन 8 जनवरी से 12 जनवरी तक किया गया। जिसमें कक्षा 9 से 12 की 50 छात्रों ने भाग लिया। समग्र शिक्षा अभियान के तहत लगाए गए इस कैंप में छात्राओं को विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई जैसे कृषि, ब्यूटी पार्लर, डाक घर, तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा गोष्ठी, चित्रकला, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, आईटी स्किल आदि। कैंप प्रदर्शनी के आयोजन में विद्यालय शिक्षिका सोनिया, जोशना, सुदेश, मोनिका, सुषमा, अंजु, रूचिका आदि ने विशेष योगदान दिया। *फोटोःहरिभूमि*

# मास्टर सूर्य सेन को किया नमन

- 90 वें शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

महम रोड स्थित उत्तम नगर की सेन भगत धर्मशाला में स्वतंत्रता सेनानी मास्टर सूर्य सेन के 90 वें शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया । समारोह श्री सेन धर्मशाला परगना 52 सभा गोहाना के तत्वाधान में आयोजित हुआ जिसमें नागरिकों ने सूर्य सेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते नमन किया। मुख्य वक्ता सभा के अध्यक्ष डॉ. सुभाष सेन ने कहा कि मास्टर सूर्य सेन एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। वे चटगांव जो आज बांग्लादेश में है में अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। उनसे अंग्रेज थरार्ते थे। उन्होंने युवाओं की फौज खड़ी की और इंडियन रिपब्लिकन आर्मी की स्थापना की। 1930 में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ चटगांव शस्त्रागार पर हमला करने के लिए जाना जाता है। समारोह की अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। कहा मास्टर सूर्य सेन लोगों के बीच मास्टर दा के नाम से लोकप्रिय थे। उनके नेतृत्व में 1930 से 1932 तक 22 ब्रिटिश अधिकारियों और 200 से ज्यादा सहायकों की हत्या की थी जिससे ब्रिटिश सरकार की नींव हिल थी। घटना के 4 साल बाद ब्रिटिश सरकार ने 12 जनवरी 1934 को 40 वर्ष की आयु में बेरहम यातनाओं के बाद फांसी पर लटका दिया था।


**गोहाना।** मास्टर सूर्य सेन को नमन करते नागरिक। *फोटोःहरिभूमि*

# सरकार यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करे : मुकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) आज देश की सबसे बड़ी जरूरत है। जब देश में समान नागरिक संहिता लागू नहीं होगी तब तक देश का विकास संभव नहीं है। यह बात हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी व्यापार सैल हरियाणा के पूर्व चेयरमैन मुकेश ने कही। उन्होंने देश में अविलम्ब समान नागरिक संहिता लागू करने की मांग की। मुकेश तायल ने कहा कि देश में धार्मिक अनुष्ठानों के क्रियान्वयन की जिम्मेवारी सामाजिक और धार्मिक संगठनों की होती है। सरकार को धार्मिक मामलों में इतना दखल नहीं देना चाहिए जितना भाजपा सरकार राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर दे रही है। वे बोले कि भगवान राम हम सब के हैं वे देश के हर व्यक्ति के दिल में बसते हैं। लेकिन इस तरह के आयोजन को लेकर राजनीति करना उचित नहीं है। मुकेश तायल ने कहा कि अगर भाजपा सरकार वास्तव में देश की उन्नति चाहती है तो देश में अविलम्ब समान नागरिक संहिता लागू कर देश के प्रति अपने इस कर्तव्य को पूरा करे।



# नेशनल नेटबॉल में वृंदा ने जीता पदक

- दिल्ली में 67 वीं नेशनल स्कूल नेटबाल चैंपियनशिप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

67 वीं नेशनल स्कूल नेटबाल चैम्पियनशिप जो कि दिल्ली आयोजित हुई, जिसमें प्रताप स्कूल खरखौदा की वृंदा ने अंडर 17 आयु वर्ग में रजत पदक जीतकर प्रदेश व अपने स्कूल का नाम रोशन किया। पदक विजेता वृंदा का विद्यालय प्रांगण में पहुँचने पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया, नेटबॉल कोच संसार दहिया व वृंदा के पिता ललित कुमार ने स्वागत किया। वृंदा ने अपनी जीत का श्रेय कोच संसार दहिया, विद्यालय प्रबंधन समिति व अपने परिवार को दिया। वृंदा के पिता ललित कुमार ने बताया कि वृंदा पढ़ाई में मेधावी होने के साथ-साथ खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुकी है। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने कहा कि आज लड़कियाँ किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नहीं है। अभिभावकों से अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा कि लड़कियों के चहुँमुखी विकास के लिए अभिभावकों को आगे आना चाहिए। शिक्षा के साथ-साथ उन्हें खेलों के लिए भी प्रेरित करना चाहिए। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने भी वृंदा को भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने के लिये प्रेरित किया।


**खरखौदा।** पदक विजेता खिलाड़ी का स्वागत करते प्रताप स्कूल प्रबंधन।

# गठबंधन सरकार के राज में विकास में पिछड़ा प्रदेश

- अपने कार्यालय पर पत्रवार्ता में बोले बरोदा हलका के विधायक इंदुराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

कांग्रेस के बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि भाजपा-जजपा सरकार के राज में प्रदेश विकास में पिछड़ गया और अपराध व बेरोजगारी बढ़ी। प्रदेश में सरकारी विभागों में दो लाख पद रिक्त हैं, जिन पर सरकारी नियुक्तियां नहीं कर रही है। उन्होंने यह बात शुक्रवार को शहर में अपने कार्यालय पर पत्रकारों से कही।

इंदुराज नरवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय प्रदेश में बिजली कारखाने लगवाए, रेलवे और मेट्रो लाइनों का विस्तार हुआ। 16 सौ करोड़ के बिजली बिल माफ किए गए और 11 हजार ग्रामीण सफाई कर्मचारी लगाए। गोहाना में रेल कोच फैक्ट्री मंजूर करवाई। राज्य सरकार हरियाणा कौशल निगम के माध्यम से पक्की नौकरियों को कच्ची में बदल दिया। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर प्रत्येक बुजुर्ग को छह हजार रुपये बुढ़ापा पेंशन, महिलाओं को पांच सौ रुपये रसोई गैस सिलेंडर और सभी परिवारों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन नीति को लागू किया जाएगा।

### लाइफ स्किल डेवलोपमेंट एंड फन कैंप का समापन

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

- बच्चों को बचत खाते का लाभ तथा साइबर क्राइम से सावधानियों के बारे में अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों में लाइफ स्किल डेवलोपमेंट एंड फन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में एक विद्यालय से 50 लड़कियों ने भाग लिया। इस कैंप में माडल संस्कृति विद्यालय गन्नौर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गन्नौर, खेड़ी गुझजर, पांची जाटान व सांदल कलां शामिल रहे। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से आए रिसोर्स पर्सन ने विद्यार्थियों को जीवन में काम आने वाली कौशिल विशेष के बारे चर्चा की। बतौर रिसोर्स पर्सन स्वास्थ्य विभाग से अनीता ने लड़कियों को व्यक्तिगत स्वच्छता तथा सेंट्रल बैंक से मनदीप कुमार ने बच्चों को बचत खाते का लाभ तथा साइबर क्राइम से सावधानियों के बारे में अवगत कराया। गृह विज्ञान की अध्यापिका ने लड़कियों को विभिन्न प्रकार के अचार व जैम बनाने की विधियों का बारे में बताया। कैंप के आखिरी दिन आज सभी विद्यार्थियों ने कौशल से संबंधित प्रदर्शनी लगाई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र दिए गए। खंड संसाधन संयोजक आजाद सिंह दहिया ने माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के शिविर में शिरकत करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में जीवन में काम आने वाली विभिन्न प्रतिभाओं का विकास होता है।


उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देते खंड संसाधन संयोजक आजाद सिंह दहिया।

### सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोपित काबू

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना सोनीपत पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने की वारदात में शामिल चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सतीश निवासी रोलद हालत में ऐल्डिको मॉल, विक्की निवासी मैपस्को, मनोज निवासी कामी, व जितेंद्र सिंह निवासी वेस्ट राम नगर पेट्रोल पंप वाली गली का है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। थाना प्रभारी रविंद ने बताया कि उनकी टीम सुभाष चौक पर मौजूद थी। उसी दौरान दो लड़के सड़क पर कार लगाकर खड़े थे। उन्हें रोकने का कारण पूछताछ की तो शराब की बदबू आने लगी। उसके बाद दो लड़के ओर पहुंचे। उन्होंने आते ही अभद्रता करना शुरू कर दिया। आरोपितों के खिलाफ सरकारी कार्य में बांधा डालने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपितों को अदालत मे पेश किया। जहां से उन्हें जमानत मिल गई।

## खबर संक्षेप



### स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**खरखौदा।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा में एन एस एस के सात दिवसीय शिविर का समापन हो गया। समापन की घोषणा प्राचार्या नीलम रानी ने की और स्वयं सेविकाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। स्वयं सेविकाओं ने युवा दिवस के अवसर पर रैली निकाल कर लोगों को पर्यावरण के संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी प्रोमिला, प्राचार्या व स्वयं सेविकाओं द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए।।

### दृष्टि ने चार दिन में करवाए 4 नेत्रदान

**सोनीपत।** दृष्टि सेवा समिति द्वारा 2611वां कैंप शुक्रवार को दीपक मंदिर के पास आयोजित करवाया गया। जिसमें दिल्ली के डा. श्राफ आई बैंक की टीम ने उपस्थित होकर नेत्रदान करवाया। इस दौरान समिति के महासचिव नरेंद्र भुटानी ने बताया कि चार दिनों में समिति के तत्वावधान में चार नेत्रदान करवाए गए हैं। शुक्रवार को जो नेत्रदान करवाया गया, इसमें संस्था के संस्थापक सदस्य एवं आई सर्जन डा. रमेश नारंग ने भी नेत्रदान करवाने में सहयोग किया।

### बुजुर्गों के दांतों की होगी निःशुल्क जांच

**गोहाना।** शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस शहर में अभ्युदय आरोग्य केंद्र गोहाना में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभ्युदय जनकल्याण न्याय द्वारा इस केंद्र पर अपने प्रोजेक्ट मुस्कान के तहत दंत चिकित्सक की सेवाएं आरंभ की गईं। यहां पर अब 60 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों की दांतों की निःशुल्क जांच होगी। बताया कि बुजुर्गों को निःशुल्क जबड़े चढ़ाए जाएंगे।

### हड़ताल के बावजूद शुक्रवार को हुई 88 रजिस्ट्री

# दसवें दिन जारी रही पटवारियों की हड़ताल 17 करोड़ का हर रोज हो रहा राजस्व नुकसान

- पटवारखानों में ताले लटके होने के कारण लोगों को वापस लौटना पड़ रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में पटवारियों व कानूनगों की हड़ताल शुक्रवार को दसवें दिन में प्रवेश कर गई। अपनी मांगों के समाधान पर अड़े पटवारियों की हड़ताल के चलते रोजाना लगभग 17 करोड़ के राजस्व का नुकसान हो रहा है। क्योंकि तहसील कार्यालय में रोजाना होने वाली रजिस्ट्रियों से लगभग आधी रजिस्ट्रियों ही हो पा रही हैं। जमीन की फर्द पर पटवारियों के हस्ताक्षर न होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र की रजिस्ट्री रूक गई है। जिसके चलते शुक्रवार को तहसील परिसरों में कन्वेंस डीड व ट्रांसफर डीड की 88 रजिस्ट्री हो सकी। हड़ताल से पहले रोजाना करीब 300 रजिस्ट्री हो जाती थी। वहीं इन दस दिनों में इंतकाल की 5 हजार 396 फाइलें लंबित हो गई हैं।

दि रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर जिले में 79 पटवारी व 20 कानूनगो हड़ताल पर हैं। जिसकी वजह से राजस्व विभाग के काम प्रभावित हो रहे हैं। पटवारखानों में ताले लटके होने के कारण लोगों को वापस लौटना पड़ रहा है। पे-ग्रेड बढ़वाने समेत अन्य मांगों को लेकर पटवारी व कानूनगो हड़ताल कर रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक उन्हें वार्ता के लिए भी नहीं बुलाया है। जिला प्रधान सन्नी दहिया ने कहा कि सरकार की ओर से उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। 3 जनवरी से चल रही पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल के बावजूद सरकार ने उनकी मांगों पर गंभीर नहीं है। जिसके चलते 16 जनवरी तक हड़ताल बढ़ानी पड़ी। धरना स्थल पर एसोसिएशन के सचिव नितेश, युद्धवीर, संदीप धनखड़, रवि लाकड़ा, सुमित आंतिल समेत अन्य पटवारी व कानूनगो मौजूद रहे।

#### 300 से 100 पर आई रजिस्ट्रियां

कानूनगो व पटवारियों की हड़ताल के चलते शुक्रवार को भी तहसील परिसरों में रजिस्ट्री प्रक्रिया प्रभावित हो रही हैं। पहले रोजाना 300 रजिस्ट्री हो जाती थी और अब यह संख्या 100 से भी कम रह गई है। जमीन की फर्द पर पटवारी हस्ताक्षर नहीं कर रहे। पटवारी के हस्ताक्षर सहित फर्द रजिस्ट्री के लिए एक सप्ताह तक वैध होती है। हड़ताल के 10 दिन होने के चलते ग्रामीण क्षेत्र की रजिस्ट्री रूक गई है। जिसके चलते शुक्रवार को कन्वेंस डीड व ट्रांसफर डीड की 88 रजिस्ट्री हो सकी। राजस्व विभाग में 10 दिन से करीब 45 हजार फाइलें लंबित है। इंतकाल, फर्द, वसीयतनामा, नक्शे, जाति, आय, रिहायशी व अन्य तरह के प्रमाणपत्र नहीं बन पाए। इसके अलावा जमीन पैमाइश, भूमि रिकॉर्ड, फसलों का सत्यापन आदि के कार्य नहीं हुए।

#### रजिस्ट्री के आंकड़े

| तहसील | रजिस्ट्री हुई |
|---|---|
| सोनीपत | 58 |
| खरखौदा | 7 |
| गोहाना | 14 |
| गन्नौर | 2 |
| राई | —- |
| खानपुर कलां | 2 |

#### विभाग को हो रहा नुकसान

जिला राजस्व अधिकारी हरिओम अत्री ने कहा पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल से विभाग को नुकसान हो रहा है। पहले जहां 26 करोड़ का राजस्व होता था। पटवारियों के हस्ताक्षर न होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र की रजिस्ट्री रूक गई है।

# 35 का लिया साक्षात्कार आठ छात्रों का किया चयन



सोनीपत। चयनित छात्रों के साथ कंपनी के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गेटवे इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा विद्यार्थियों की जॉब प्लेसमेंट के लिए एक कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन लक्ष्य एडु सलूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा गेटवे प्रांगण में किया गया। कंपनी की ओर से निर्देशक राकेश कालरा और दिनेश कालरा ने प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन किया। उन्होंने अंतिम सेमेस्टर के 35 छात्रों का विभिन चरणों में साक्षात्कार किया और अंत में 8 छात्रों का चयन किया। बीबीए विभाग से चयनित होने वाले छात्र खुशी जैन, हर्षित दवरा, खुशबु, तनीषा, आर्यन रावत रहे, जबकि बीसीए विभाग से चयनित होने वाले छात्र कौशल कुमार, एवं आदित्य शर्मा रहे। बी टेक विभाग से चयनित होने वाले छात्र नवनीतय विनायक रहे। इस मौके पर गेटवे इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार सिंघल एवं ट्रेनिंग प्लेसमेंट अफसर मंडन मिश्रा, गीता कुकरेजा ने चयनित छात्रों को बधाई दी।

# भाजपा की राजनीति भाई से भाई को लड़ाना



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा का स्वागत करते हुए डा. राजेंद्र टोंक साथ में अन्य। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने 10 साल तक भाई से भाई को लड़वाकर राजनीति की है। विकास, रोजगार, महंगाई समेत अनेक मुद्दों पर पिछली हुड्डा सरकार के सामने वर्तमान खट्टर सरकार कहीं नहीं ठहरती। भूपेंद्र हुड्डा ने 10 साल के कार्यकाल में प्रदेश को विकास के मामले में नम्बर वन बनाया था जबकि वर्तमान खट्टर-दुष्यंत सरकार ने भय, भ्रष्टाचार, बेराजगारी व महंगाई के मामले में प्रदेश को देश में नम्बर वन बना दिया है। दीपेंद्र हुड्डा सोनीपत के बैंयापुर में डा. राजेंद्र टोंक द्वारा प्रियंका गांधी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित सर्व समाज सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। डा. राजेंद्र टोंक के नेतृत्व में इस दौरान विशाल स्वास्थ्य जांच मेला भी लगाया गया, जिसमें 1 हजार 442 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए उपचार भी किया। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में सत्ता परिवर्तन होगा, कांग्रेस सरकार बनेगी और प्रदेश में विकास का पहिया पहले की तरह घूमेगा। समारोह में राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की और और अपने भाषण के दौरान कहा कि डा. टोंक महान समाजसेवी हैं। उन्होंने पिछले 19-20 साल से समाज कल्याण के लिए काम किया है और 500 से ऊपर कैंप लगाए हैं, जिनमें 8 लाख से अधिक मरीजों का उपचार किया है।

# 138 बैग सब्सिडी वाला यूरिया बरामद

- रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय केंद्र सरकार के उड़नदस्ता ने मारा छापा
- दो अन्य फैक्ट्रियों में लिये तीन सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्याऊ मनियारी से नाथूपुर रोड स्थित गोदाम में रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय केंद्र सरकार के उड़नदस्ता ने छापा डालकर 138 बैग नीम कोटेड (किसानों के लिए सब्सिडी वाला) यूरिया बरामद किया है। इसके साथ ही टीम ने दो अन्य फैक्टरी में भी जाकर वहां मिले यूरिया के तीन सैंपल लिए हैं। गोदाम व कंपनियों से मिले सैंपल की जांच कराई जाएगी। गोदाम में सब्सिडी वाला यूरिया मिलने पर सोनीपत कृषि विभाग के गुण नियंत्रण निरीक्षक ने आवश्यक वस्तु अधिनियम ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सोनीपत कृषि विभाग के गुण नियंत्रण निरीक्षक डॉ.राकेश हुड्डा ने कुंडली थाना पुलिस को बताया कि वीरवार को उन्हें कृषि उपनिदेशक डॉ. पवन शर्मा की कॉल आई की प्याऊ मनियारी से नाथूपुर रोड स्थित गोदाम में रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय केंद्र सरकार के उड़नदस्ता की टीम ने छापा डाला है। वहां पर कृषि क्षेत्र में प्रयोग होने वाला नीम कोटेड यूरिया मिला है। जिस पर वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। टीम ने वहां से नेशनल फर्टिलाइजर कंपनी के 138 बैग नीम कोटेड यूरिया बरामद किया। साथ ही टेक्नीकल ग्रेड यूरिया के 750 बैग पाए गए।

इसका प्रयोग उद्योगों में किया जा सकता है। साथ ही 500 बैग खाली मिले। ऐसे में गोदाम में जिसने भी कृषि क्षेत्र में प्रयोग होने वाले यूरिया का भंडारण किया है उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने आशंका जताई कि कृषि क्षेत्र में प्रयोग होने वाले यूरिया का प्रयोग प्लाईवुड उद्योगों में हो जाता है। इसकी जांच कराई जाए।

#### दो अन्य कंपनी में लिए सैंपल

इसके साथ ही उड़नदस्ता की टीम ने सोनीपत जिले में दो अन्य कंपनी में जाकर भी सैंपल लिए है। वहां पर मिले यूरिया के सैंपल लिए गए है। जिनकी जांच कराई जाएगी कि उनमें नीम कोटेड यूरिया तो नहीं मिलाया गया है। आशंका है कि नीम कोटेड यूरिया को पीसकर टेक्निकल ग्रेड यूरिया के बैग में भर दिया जाता है। जिसके चलते उनके सैंपल लिए गए हैं।

# मानसिक स्वास्थ्य के लिए शांति जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। छात्राओं को संबोधित करते विषय विशेषज्ञ व उपस्थित छात्राएं।

कन्या महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ और आंतरिक मूल्यांकन प्रत्येक परिषद आइक्यूएसी सेल द्वारा सात दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत प्राचार्या डॉ. दर्शना दहिया की अध्यक्षता में की गयी। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ प्रमिला के नेतृत्व में स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास से संबंधित यह कार्यशाला 12 से 18 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। प्रेम रावत फाउंडेशन की तरफ से पीस एजुकेशन प्रोग्राम विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में चलाया जा रहा है।कन्या महाविद्यालय में भी यह वर्कशॉप 12 से 18 जनवरी के बीच आयोजित की जाएगी। पीस एजुकेशन प्रोग्राम की तरफ से डॉ. प्रशांत, प्रदीप डांगी, सतीश, गीतिका ने उपस्थित छात्राओं को शांति के विषय में बताते हुए संबोधित किया। डॉ. प्रशांत ने बताया कि राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति 2020 में स्टूडेंट डेवलपमेंट या विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण से संबंधित विषय को प्रमुखता से जोड़ा गया है। डॉ प्रशांत ने छात्राओं को दृश्य श्रव्य माध्यम से कुछ वीडियो दिखाए तथा शांति के बारे में बताया। डॉ. प्रमिला ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ. नमिता, डॉ सीमांत, डॉ. रमेश, ममता, ज्योति, निधि आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। दूसरी ओर महाविद्यालय में आज ही स्वामी विवेकानंद युवा क्लब प्रभारी डॉ. शालिनी के नेतृत्व में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सलोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सफल छात्रों को पुरस्कृत किया।

# 112 इंडिया मोबाइल एप इंस्टॉल किए



सोनीपत। छात्रा के मोबाइल में एप की जानकारी देते हुए पुलिस कर्मी।

**सोनीपत।** दुर्गा शक्ति व महिला थाना पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा महिला की सुरक्षा को लेकर स्कूल कॉलेजों में जागरूकता सेमिनार आयोजित किए जा रहे है। ताकि महिला अपराधों को रोका जा सके। पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन ने बताया कि उनकी टीमें अपने-अपने थाना के अधिकार क्षेत्र में छात्राओं एवं शिक्षक महिलाओं की मीटिंग ले कर उनको उनके अधिकारों व महिला विरुद्ध अपराध के बारे सजग किया जा रहा है। वहीं उनके मोबाइल में 112 ऐप इंस्टॉल करवाई जा रही है। साथ ही एप को कैसे इस्तेमाल किया जाएं उसके बार में अवगत करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति गलत व्यवहार करता है, तो बेझिझक पुलिस को शिकायत दें। इसके लिए उन्हें कहीं भी जाने की आवश्यकता नहीं है। युवतियों को अपने मोबाइल से 112 एप का प्रयोग करना है। इसके चंद मिनट बाद पुलिस की टीम उनके पास होगी। इस एप की विशेष बात यह है कि आप इस पर रजिस्ट्रेशन के बाद पूरे प्रदेश में कहीं भी यदि अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है तो इसमें दिए गए लाल बटन को प्रयोग कीजिए, जल्द से जल्द डीएसआरएएफ के सबसे नजदीकी प्वाइंट से आपको सहायता पहुंचाई जाएगी।

# स्वयंसेवकों को यातायात नियमों की दी जानकारी



गोहाना। वालेंटियर्स को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए वक्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में गुढ़ा रोड स्थित जवाहरलाल नेहरू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (जेएलएन) में आयोजित 7 दिवसीय एनएसएस शिविर के समापन पर वालेंटियर्स को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। शिविर के लिए मार्गदर्शन स्कूल की प्रबंधक कृष्णा देवी का रहा। अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा ने की जबकि संयोजन सह निदेशक राजकुमार जांगड़ा और उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। मुख्य वक्ता एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए यातायात नियमों का पालन करना आवश्यक है। नियमों का पालन न करने से देश में रोजाना हर एक मिनट में 1 सडक दुर्घटना घटित होती है और इन दुर्घटनाओं में हर 3 मिनट में 1 व्यक्ति की मौत हो जाती है। बीते वर्ष रोजाना 1264 सडक दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 462 लोगों की मौत हो गई। हर घंटे के हिसाब के देखें तो 53 सडक दुर्घटनाएं हर घंटे हुईं और इनमें से 19 लोगों की मौत हो गई।

### पुरखास गांव में मकानों के साथ पंचायती जमीन पर मिला युवक का शव

**गन्नौर।** पुरखास गांव में मकानों के साथ लगती पंचायती जमीन में शुक्रवार को गांव के 40 वर्षीय युवक का शव मिला। आसपास के लोगों ने सुबह शव को देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने 174 की कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। बताया गया कि मृतक युवक शराब पीता था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अगली कार्रवाई की जाएगी। कार्यवाह थाना प्रबंधक देशराज ने बताया कि पुलिस ने मामले में अभी 174 की कार्रवाई की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण यात्रा का किया शुभारंभ

# मंदिर निर्माण हर हिंदू की इच्छा :अमित

- प्रदेश वरिष्ठ भाजपा नेता अमित बिंदल ने कहा कि भाजपा सरकार ने हर हिंदू की इच्छा पूरी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण यात्रा निकालते हुए भाजपा नेता अमित बिंदल।

प्रदेश वरिष्ठ भाजपा नेता अमित बिंदल ने अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण यात्रा का आरंभ किया है। शुक्रवार को खरखौदा विधानसभा से यात्रा की शुरूआत की गई है। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर खरखौदा की जयनारायण धर्मशाला ठाकुर जी की रसोई, दिल्ली रोड पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान भाजपा नेता अमित बिंदल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीराम मंदिर का निर्माण हर हिंदू की इच्छा थी। इस इच्छा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने पूरा किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वो कर के दिखाते हैं। चाहे वो पुलवामा हमला का बदला लेना हो, जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाना हो या फिर अब राम मंदिर का निर्माण करना हो। नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी है तो पूरी होगी ही। आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है, इसीलिये आने वाले चुनावों में भाजपा भारी बहुमत के साथ फिर से सरकार बनाएगी। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में जरूरतमंद लोगों को लाभ दिलाया है। इस दौरान अमित बिंदल ने सभी को शपथ दिलाई कि एक दिया राम के नाम का जलाना है। कार्यक्रम से पूर्व भाजपा नेता अमित बिंदल ने श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण देने के लिये खरखौदा में डोर-टू-डोर संपर्क अभियान चलाया। अभियान की शुरूआत छपड़ेश्वर मंदिर से की गई थी और समापन धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुरेंद्र गुप्ता, भारत गर्ग, एसके मल्होत्रा, विजय मित्तल, विजय पाल, मीना नरवाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### कार से साढ़े तीन लाख रुपए व आईपैड चोरी

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में नागरिक अस्पताल की दीवार के पास खड़ी गाड़ी का शीशा तोड़कर लाखों रुपये व आईपैड सहित कागजात के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोर का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। वेस्ट राम नगर निवासी अश्वनी दहिया ने बताया कि वह अपना निजी काम करता है। गत 11 जनवरी को अपनी गाड़ी लेकर जिम में मेहनत करने के लिए गया था। उसने अपनी गाड़ी को सरकारी अस्पताल की दीवार के साथ खड़ा कर दिया। उसके बाद वह जिम में चला गया। करीब एक घंटे की मेहनत के बाद वह वापिस लौटा। उसकी कार का शीशा टूटा हुआ मिला। किसी ने कार का शीशा तोड़ कार के अंदर रखा बैग, जिसमें चैक बुक व काम से संबंधित कागजात थे। वहीं कार के अंदर करीब 3 लाख 50 हजार रुपये की नकदी भी रखी हुई थी। किसी ने उसे चोरी कर ली। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी विक्रम ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### नील गाय को गोली मारने के मामले में केस दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव बिंधरौली में नील गाय को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने वन्य जीव विभाग के अधिकारी के बयान पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। प्राथमिक उपचार के बाद नील गाय को अस्पताल से जीव रक्षक चिकित्सक केंद्र पर भेज दिया है। वन्य जीव विभाग में कार्यरत ईशेंद्र कुमार ने बताया कि गत 11 जनवरी को गांव गढ़ी बिंधरौली में नीलगाय को गोली मारकर घायल कर दिया है। घायल नीलगाय को लेकर अस्पताल में पहुंचे। जहां उसका उपचार किया गया। उसके बाद अस्पताल में गाय रखने की जगह न होने के चलते उसे जीव रक्षक चिकित्सा केंद्र पर आगामी उपचार के लिए भेज दिया गया। बारोटा चौकी पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई नरेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### घर से लाखों रुपये कीमत के जेवरात चोरी, केस

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र के सुभाष नगर में स्थित घर से अलमारी का ताला तोड़कर लाखों रुपये कीमत के जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। मकान मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। सुभाष नगर निवासी जोगेंद्र सिंह ने बताया कि वह परिवार सहित घर से बाहर गया था। वह अपनी डयूटी पर चला गया। उसकी पत्नी भी अपने मायके चली गई। अलमारी की जांच की तो उसमें रखे जेवरात गायब मिले।